प्राचार्य का कार्यालय

मुजफ्फरपुर इंस्टीच्यूट ऑफ टेक्नोलौजी, मुजफ्फरपुर

(विज्ञान एवं प्रावैद्यिकी विभाग, विहार सरकार, पटना के अन्तर्गत)

मुजफ्फरपुर, दिनांकः 16/07/2021

निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–01/2021–22

मुजफ्फरपुर इंस्टीच्यूट ऑफ टेक्नोलौजी, मुजफ्फरपुर के लिए महाविद्यालय के चल एवं अचल संपत्ति की सुरक्षा एवं परिसर में आगंतुकों पर कड़ी नजर रखने के उद्येश्य से निबंधित प्रतिष्ठान एवं अनुभवी (न्यूनतम 5 वर्ष) सुरक्षा एजेन्सियों से सुरक्षा गार्ड (पुरूष एवं महिला) एवं अन्य कार्य हेतु माली, स्वीपर इत्यादि की आपूर्ति हेतु निबंधित प्रतिष्ठान एवं अनुभवी एजेन्सी (न्यूनतम 5 वर्ष) से दिनांक 24.07.2021 से 16.08.2021 के अपराह्ण 05:00 बजे तक निविदा आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक निविदादाता अलग–अलग दो मुहरबंद लिफाफा में तकनीकी निविदा (Technical Bid) एवं वित्तीय निविदा (Financial Bid) समर्पित करेंगें। तकनीकी निविदा में वांछित सूचनाएँ/प्रमाण पत्र उपलब्ध होने पर ही वित्तीय निविदा खोली जाएगी। निविदा पत्र, माँग पत्र के साथ 1000/– रू0 का बैंक ड्राफ्ट जो **Principal, M.I.T., Muzaffarpur** के नाम हो एवं जो **Muzaffarpur** में भुगतेय हो संलग्न कर दिनांक 24.07.2021 से 16.08.2021 तक संस्थान के कार्यालय में सभी कार्य दिवसों के दिन प्राप्त किया जा सकता है। आपूर्ति कर्ता 1000/– रू0 का Non Refundable बैंक ड्राफ्ट एवं स्वपता लिखित लिफाफा भेजकर भी संस्थान से डाक द्वारा निविदा पत्र दिनांक 24.07.2021 से प्राप्त कर सकते हैं। केवल उन्हीं आपूर्तिकर्ताओं के निविदा पर विचार किए जाएँगें, जिन्होने माँग पत्र के साथ ड्राफ्ट जमा कर निविदा की सूची प्राप्त की है।

तकनीकी निविदा में रू0 100/– के स्टाम्प पेपर पर Nonblack listing/Blacklisting शपथ पत्र, निबंधन प्रमाण पत्र, पैन नं0, पिछले तीन वर्षो का इनकम टैक्स रिटर्न, गृह विभाग, बिहार, पटना से निबंधन प्रमाण पत्र, ई0पी0एफ0 निबंधन प्रमाण पत्र, ESI निबंधन प्रमाण पत्र, कम्पनी एक्ट निबंधन प्रमाण पत्र, सरकारी कार्यालयों/बोर्ड में कार्य करने का अनुभव प्रमाण पत्र, न्यूनतम पाँच वर्षो का अनुभव प्रमाण पत्र एवं E.P.F. एवं E.S.I जमा करने का प्रमाण, पूर्व में कार्यरत कर्मियों का Training Video इत्यादि संलग्न करना होगा तथा दस हजार रू0 का बैंक ड्राफ्ट, प्राचार्य, एम. आई .टी., मुजफ्फरपुर के नाम रहेगा, जो निविदा प्रक्रिया पूरा होने के पश्चात लौटा दिया जायेगा, संलग्न करना होगा।

सुरक्षा एजेन्सी के सफल निविदादाता को सुरक्षित जमा राशि के रूप में रू0 100000/– (एक लाख) का बैंक ड्राफ्ट प्राचार्य, एम. आई. टी., मुजफ्फरपुर के नाम जमा करना होगा जिसपर किसी प्रकार का सूद देय नही होगा एवं कर्त्तव्य में लापरवाही बरतने के कारण महाविद्यालय के Assets/Properties को क्षति होने पर सुरक्षित जमा राशि जब्त कर ली जायेगी तथा क्षतिपूर्ति हेतु आवश्यक कानूनी कारवाई की जायेगी।

निविदाओं को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार प्राचार्य, मुजफ्फरपुर इंस्टीच्यूट ऑफ टेक्नोलौजी, को सुरक्षित होगा जिसके लिए कारण बताना आवश्यक नही होगा। निविदा संबंधी गलत जानकारी देने पर सुरक्षित राशि जब्त कर समुचित कारवाई की जायेगी। निविदा आमंत्रण हेतु शेष सूचनायें निविदा पत्र में अंकित रहेगी। निविदा प्राप्तकर्त्ता नियुक्त सभी कर्मी को ड्रेस उपलब्ध करायेगें तथा ससमय E.P.F एवं E.S.I का भुगतान करना सुनिश्चित करेंगें।

निविदा प्राप्तकर्ता जिन कर्मियों को संस्थान में नियुक्त करेंगें उनके किये गये कार्यो के मानदेय/पारिश्रमिक का भुगतान का प्रमाण तथा E.P.F एवं E.S.I में की गई कटौती प्रत्येक तीसरे माह पर संस्थान में उपलब्ध करायेंगे अन्यथा अगला भुगतान रोक दिया जायेगा। निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी संस्थान के Website- www.mitmuzaffarpur.org पर उपलब्ध है।

16/07

प्राचार्य

एम.आई.टी., मुजफ्फरपुर।

16/07/2021